Title: Need to check the menace of elephants in Ranchi district of Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : झारखंड के रांची जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं आदिवासी क्षेत्रों में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन हाथियों के आतंक से लोगों की जानमाल एवं फसल का नुकसान हो रहा है। जिससे यहां के आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपने काम के लिए नहीं निकल रहे हैं और न ही खेतों में खेती-बाड़ी का काम कर रहे हैं। हाथियों के कारण जिन लोगों की जानें गई हैं और फसलों का नुकसान हुआ है उनको अब तक मुआवजा नहीं मिला है। इस संबंध में सम्बन्धित प्रशासन का ध्यान दिलाया गया है, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिसके कारण ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में दहशत और डर का माहौल है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मृतक के परिवार को पांच लाख रुपए एवं फसल को बर्बाद किए जाने पर 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा शीघ्र दिया जाए।